कौल-कल्पतरु
चण्डी

वर्ष ४५ :: चैत्र-वैशाख २०४३ वि०—अप्रेल-मई १९८६ :: संख्या १-२



'विद्या-वाचस्पति'
पं० श्री कण्ठ शर्मा चक्रपाणि
(देखिये—'एक परिचय', पृष्ठ ९)

बीजात्मक सप्तशती के दो रूप
(अप्रेल-मई ८६ अङ्क का विशिष्ट साहित्य)

१—बीज-मन्त्रात्मक सप्तशती
प्रस्तुत-कर्त्ता : श्री अतुल टण्डन

२—बीज-त्रयात्मक सप्तशती
प्रदान-कर्त्ता : प०पू० स्वामी हिमालय अरण्य जी

पृष्ठ १—२४

यह प्रति ३)५० रु० * वार्षिक मूल्य २१ रु०

*** दो अतिरिक्त विशेषाङ्क सहित वार्षिक मूल्य ५५ रु० ***

ॐ ह्रीं

'कौल-कल्पतरु' चण्डी

का

४५ वाँ वर्ष : सं० २०४३ वि० (सन् १९८६-८७ ई०)

चैत्र २०४३—अप्रैल १९८६ से 'चण्डी पत्रिका का नया ४५ वाँ वर्ष प्रारम्भ हो गया है।

'चण्डी' के नये ४५ वें वर्ष में ६ सामान्य अङ्क व दो सचित्र विशेषाङ्क प्रकाशित होंगे। विशेषाङ्कों की कोई संख्या न होगो। वे अतिरिक्त अङ्क होंगे। कुल ५०० पृष्ठों का शोध-पूर्ण एवं साधकोपयोगी साहित्य प्रकाशित होगा। पूर्ण विवरण इस प्रकार है—

६ सामान्य अंक (कुल २०० पृष्ठ)

'चण्डी' के ४५ वें वर्ष में ६ सामान्य अङ्क—१ अप्रेल-मई, २ जून-जुलाई, ३ अगस्त-सितम्बर, ४ अक्टूबर-नवम्बर, ५ दिसम्बर-जनवरी, ६ फरवरी-मार्च प्रकाशित होंगे। इन सामान्य अङ्कों में—बाबा श्री चरितामृत (लेख-संग्रह), सामयिक निबन्ध, पाठकों के प्रश्न-उत्तर, सम्पादकीय टिप्पणी, पर्व-महापर्व सम्बन्धी विशेष विवरण, पुस्तक-समालोचना, धार्मिक-स्थानों एवं साधकों के सचित्र परिचय, अनुभूत प्रयोग आदि स्तम्भों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण लेख-साहित्य प्रस्तुत होगा।

इसके अतिरिक्त उक्त छहों अङ्कों में क्रम से निम्न-लिखित विशिष्ट साहित्य भी प्रकाशित होगा—

(१) बीजात्मक सप्तशती (अप्रेल-मई ८६ अंक में)

(२) दश-महाविद्या-सूत्रम् (जून-जुलाई ८६ अङ्क में)

(३) सप्तशती में मोक्ष-साधना (अगस्त-सितम्बर ८६ अङ्क में)

(४) बाबा श्री का जीवन-चरित (अक्टूबर-नवम्बर ८६ अङ्क में)

(५) पारायण-विधि (दिसम्बर-जनवरी ८७ अङ्क में)

(६) पञ्च-दशी यन्त्र-साधना (फरवरी-मार्च ८७ अङ्क में)

(शेष विवरण हेतु कृपया देखिये आवरण पृष्ठ ३)

वर्ष ४५ : चैत्र-वैशाख २०४३ वि०—अप्रेल-मई १९८६ : सं० १-२

१ सम्पादकीय १
२ श्री देव्यथर्व-शीर्षम् : श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल, दुमका, बिहार २
३ कानपुर के सम्मेलन में 'कुल-भूषण' पण्डित रमादत्त शुक्ल का निवेदन ३
४ दक्षिण भारत में कामाख्या योनि-पीठ : प० पू० श्री स्वामी त्र्यम्बकेश्वरानन्द, इन्दौर ७
५ 'विद्या-वाचस्पति' पं० श्रीकण्ठ शर्मा चक्रपाणि : डा० ऋषिकुमार चक्रपाणि, अमृतसर, पंजाब ९
६ तत्त्व-साधना : श्री बदन सिंह, रायभा, आगरा, उ० प्र० १२
७ वर्ष-गाँठ कब और कैसे मनायें ? : पं० सतीशकुमार उपाध्याय, इलाहाबाद, उ० प्र० १५
८ बीज-मन्त्रात्मक सप्तशती एवं बीज-त्रयात्मक सप्तशती १–२४

सम्पादकीय

'चण्डी' के गत वर्ष के पौषाङ्क में ७वें विश्व-पुस्तक-मेले में 'प्रामाणिक शाक्त-साहित्य' की प्रदर्शनी की सुखद सूचना पाठकों को दी जा चुकी है।

ठीक तीन महीने बाद ही दूसरी ऐतिहासिक घटना १२-१३ अप्रैल १९८६ को घटित हुई, जब उत्तर प्रदेश के महा-नगर कानपुर में **'अन्तरराष्ट्रीय ज्योतिष-तन्त्र विज्ञान सम्मेलन'** आयोजित हुआ, जिसमें 'चण्डी' कार्यालय द्वारा शाक्त-साधना-पीठ एवं अ० भा० शाक्त-सम्मेलन ने सक्रिय योग-दान प्रदान किया, जैसा कि 'चण्डी' के मानद सम्पादक 'कुलभूषण' शुक्लजी द्वारा उक्त सम्मेलन में पठित 'निवेदन' से स्पष्ट है, जो आगे शब्दशः प्रकाशित है।

राजर्षि अतुल टण्डन ने अकेले अपने बल पर सारे आयोजन का सफल संघटन एवं संचालन बड़ी योग्यता तथा कर्मठता के साथ किया। यदि उनके सहयोगियों में से एक-दो व्यक्तियों में भी वैसी ही तत्परता होती, तो यह सम्मेलन सदा के लिए स्मरणीय हो जाता। फिर भी उनके द्वारा आयोजित शाक्त-यज्ञ, तन्त्र-प्रदर्शनी एवं ज्योतिष-तन्त्र-सम्मेलन अपने ढँग का अनूठा हो रहा।

सम्मेलन में अ० भा० शाक्त सम्मेलन के अध्यक्ष वयोवृद्ध पूज्य काटजू जी, 'चण्डी' के मानद सम्पादक 'कुल-भूषण' शुक्लजी, शाक्त-साधना-पीठ से सम्बद्ध कौलाचार्य पं० काशीप्रसाद शुक्ल शास्त्री, आन्ध्र प्रदेश के पूर्णाभिषिक्त साधक पं० श्री पी० वी० हनुमन्त राव, बिहार के उत्कृष्ट साधक पूज्य श्री मंजुल, केरल के पं०श्रीवरदराज प्रभु, काशी के परम पूज्य कापालिक जी एवं प्रयाग के पं० श्रीसतीश-कुमार उपाध्याय, पं० श्री ए० एन० शुक्ल, ठाकुर श्री अमर सिंह, पंजाब के श्री ऋषिकुमार चक्रपाणि आदि ने भाग लिया। अनेक साधकों ने गुप्त रूप से उपस्थित रहकर सम्मेलन को गौरवान्वित किया।

इस प्रकार, जैसा कि पौषाङ्क के सम्पादकीय में हमने अपना निश्चय प्रकट किया था, 'शाक्त-समाज' के सङ्गठन के कार्यक्रम का सूत्रपात हो गया है। अब आवश्यकता इस बात की है कि देश में जो भी शाक्त-संस्थायें हैं, उनके अध्यक्ष महोदय और सदस्य बन्धु 'शाक्त-समाज' के सङ्गठन के सम्बन्ध में अपने अनुभव, सुझाव आदि हमें लिखकर भेजने की कृपा करें, जिससे यह कार्यक्रम आगे प्रगति कर सके।

यहाँ हमें यह घोषित करते हुए हर्ष हो रहा है कि सितम्बर १९८६ में बिहार की राजधानी पटना में 'शाक्त साधना पीठ' के तत्त्वावधान में शाक्त-साहित्य प्रदर्शनी एवं शाक्त-सम्मेलन के आयोजन का प्रस्ताव हमें मिल चुका है और उसके सम्बन्ध में गम्भीरतापूर्वक विचार किया जा रहा है। अतः बिहार में स्थित शाक्त संस्थाओं एवं साधकों से हमारा विशेष अनुरोध है कि वे इस सम्बन्ध में अपने विचार हमें शीघ्रातिशीघ्र लिख भेजने की कृपा करेंगे।

श्रीदेव्यथर्व-शीर्षम्

श्री गोपालकृष्ण अग्रवाल, दुमका (बिहार)

अथर्ववेद में देवी की महिमा को शीर्ष-स्थान प्राप्त है। यह एक-मात्र विद्या है, जो दृश्य और अदृश्य दोनों स्थलों में प्रभावी है। यह विद्या अचूक तथा तत्काल सिद्धि देती है। अथर्व-शीर्ष के ज्ञान के बिना शक्ति की साधना के रहस्य को पाना—आत्म-सात् करना—अन्धकार में विचरण करने जैसा है।

इदमथर्व-शीर्षं योऽधीते स पञ्चाथर्व-शीर्ष-जप-फलमाप्नोति। इदमथर्व-शीर्षमज्ञात्वा योऽर्चां स्थापयति, शत-लक्षं प्रजप्त्वापि सोऽर्चा-सिद्धि न विन्दति। शतमष्टोतरं चास्य पुरश्चर्या-विधिः स्मृतः।

निशीथे तुरीय-सन्ध्यायां जप्त्वा वाक्-सिद्धिर्भवति। प्राण-प्रतिष्ठायां जप्त्वा प्राणानां प्रतिष्ठा भवति। भौमाश्विन्यां महा-देवी-सन्निधौ जप्त्वा महा-मृत्युं तरति।....

दश-वारं पठेद् यस्तु सद्यः पापैः प्रमुच्यते। महा-दुर्गाणि तरति महा-देव्याः प्रसादतः।

अर्ध-रात्रि में निरन्तर पाठ करने पर कुछ ही दिनों में अद्भुत सिद्धियाँ प्राप्त होने लगती हैं तथा पूर्ण शान्ति मिलती है। अथर्व-शीर्ष को चण्डी-पाठ के साथ प्रयोग में लाने से शीघ्र ही पराम्बा की कृपा होती है तथा देवी का सान्निध्य मिलता है। श्लोक १०में देवी के रूप का वर्णन है तथा आह्वान है—'प्राण-रूपी' देव-गणों ने जिस प्रकाशमान वैखरी-वाणी को उत्पन्न किया, जिसे तीनों लोकों में बोला जाता है, वह कामधेनु-वत् आनन्द-दायक, अन्न तथा जल एवं बल प्रदान करनेवाली वाग्-रूपिणी भगवती उत्तम स्तुति से सन्तुष्ट होकर हमारे समीप आये।'

अहं दधामि द्रविणं हविष्मते सुप्राव्ये यजमानाय सुन्वते अहं राष्ट्री सङ्गमनी वसूनां चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानां। अहं सुवे पितरमस्य मूर्धन्मम योनिरप्स्वन्तः समुद्रे। य एवं वेद, स दैवीं सम्पदमाप्नोति।

देवों को उत्तम हवि पहुंचाने की सामर्थ्य के साथ-साथ पितरों को दिये पिण्ड के रस को ग्रहण करते हुए, कर्म-काण्डियों के व्यापार की प्रत्याभूति (गारण्टी) स्वरूप यह महा-देवी साक्षिणी है, जहाँ कोई उसका विलोम साक्ष्य नहीं है।

मन्त्राणां मातृका देवी शब्दानां ज्ञान-रूपिणी। ज्ञानानां चिन्मयातीता शून्यानां शून्य-साक्षिणी॥
यस्याः पर-तरं नास्ति सैषा दुर्गा प्रकीर्तिता। नमामि त्वां महा-देवीं महा-भय - विनाशिनीम्॥
महा-दुर्ग-प्रशमनीं महा-कारुण्य-रूपिणीम्॥

मन्त्रों की सामर्थ्य-शक्ति, शब्दों में ज्ञानाभास, ज्ञान में अतीतावस्था तथा उस महा-शून्य में अचर-चर उद्बोधन के अन्तराल में जो शून्य जागृत है, उस महा-सुरक्षा-चक्र सदा सर्वदा अनन्तानन्त विद्या के स्रोत-बिन्दु का साक्ष्य यदि कोई है, तो वह अनन्त-वीर्या पराम्बा शक्ति ही हैं, जो एकमात्र भोग-मोक्ष दोनों देने में समर्थ है। वह अनन्त है, सर्व-जयी है, अत्यन्त विशुद्धा विकार-रहिता शरण लेने योग्य है।

मन्त्रों में 'ह्रीं' एकाक्षर के सम्बन्ध में अथर्व-शीर्ष ने जो रहस्योद्घाटन किया है, वह पंचदशी श्रीविद्या का उद्भव है—

वियदीकार-संयुक्तं वीति-होत्र-समन्वितम्। अर्धेन्दु-लसितं देव्या बीजं सर्वार्थ-साधकम्॥

आकाश (ह) + ईकार (ई) + वीति-होत्र (र) + अर्धेन्दु (ँ) बीज = ह्रीं। यह बीज ब्रह्म-स्वरूप है, जिसका ध्यान चक्र-भेदन में समर्थ है, इससे योगी परमानन्द को पाते हैं। (शेष पृष्ठ ८ पर)

अन्तरराष्ट्रीय ज्योतिष तन्त्र अनुसन्धान सम्मेलन, कानपुर
में
'कुल-भूषण' पण्डित रमादत्त शुक्ल का निवेदन

श्वेतं श्वेत-विलेप-माल्य - वसनं वामेन रक्तोत्पलम्,
बिभ्रत्या प्रियया चोत्तरेण सहसाश्लिष्टं प्रसन्नाननम् ।
हस्ताभ्यामभयं वरं च दधतं शम्भु - स्वरूपं गुरुम्,
हाला-लोहित-लोचनोत्पल- युगं ध्याये शिरस्थं पदम् ।।

सबसे पहले मैं इस महद् आयोजन के संयोजक राजर्षि अतुल टण्डन जो को हार्दिक बधाई देना चाहता हूँ। बधाई देने का एक विशेष कारण है। वह यह कि लगभग पचास वर्षों से जो भगीरथ प्रयास प्रायः गुप्त रीति से भारत की रहस्यतम विद्या के उद्घाटन के लिए तीर्थराज प्रयाग में चलता आ रहा है, उसे पहचानने और मञ्च पर ले आने का प्रथम श्रेय आपको ही है । यह कार्य सम्पादित करने में आपने अपने पुरुषार्थ का जो अनूठा परिचय दिया है, उसकी कथा अलग ही है। इस सम्बन्ध में मैं केवल इतना ही कहूगा कि आज से ४४ वर्ष पूर्व सन् १९४२ में तीर्थराज प्रयाग के महा-कुम्भ के अवसर पर त्रिवेणी क्षेत्र में जिस भगीरथ प्रयास का श्रीगणेश हुआ था, उसके एकमात्र सूत्रधार आज इस आयोजन को अपनी उपस्थिति से गौरवान्वित कर रहे हैं और यह सम्भव हुआ है राजर्षि टण्डन जी की कर्मठता से।

हमारे वे महान् सूत्रधार हैं प्रयाग उच्च न्यायालय के अवकाश-प्राप्त न्यायमूर्ति पण्डित शिवनाथ जी काटजू, जो इस तन्त्र-सम्मेलन में विशिष्ट अध्यक्ष के रूप में हमारे मध्य विराजमान हैं। आप सम्प्रति विश्व हिन्दू परिषद् एवं अखिल भारतीय शाक्त-सम्मेलन के अध्यक्ष पद को सुशोभित करते हुये राष्ट्र की अद्वितीय सेवा कर रहे हैं। इस प्रकार आपके परिचय देने की आवश्यकता नहीं है। किन्तु यह मैं अवश्य कहूँगा कि आपके आध्यात्मिक—साधक स्वरूप को जाननेवाले इने-गिने व्यक्ति ही होंगे। बहुत कम लोगों को मालूम होगा कि परम गोपनीय शाक्त-साधना को प्रकाश में लाने का अभूत-पूर्व कार्य किस कौशल के साथ आपने सम्पन्न किया है। यही नहीं, विश्व-तन्त्र-संघ, जिसका केन्द्र भारतवर्ष में ही रहा है, उसका रहस्योद्घाटन ही आपने नहीं किया है, उसके अमेरिकी प्रभाग के एक दुर्लभ प्रकाशन को भी आप देश में ले आये हैं, जिसकी एक प्रति इस आयोजन के प्रदर्शनी-कक्ष में देखी जा सकती है। परम पूज्य श्रीमान् काटजू जी महोदय के कृतित्व का वर्णन करना अल्प समय में सम्भव नहीं है, अतः उनके प्रति अपनी आन्तरिक श्रद्धा समर्पित करते हुये मैं अपने प्रकृत विषय पर आता हूँ किन्तु उसके पूर्व इस महद् आयोजन का उद्घाटन करने पधारीं माननीया शिक्षा एवं संस्कृति राज्य मन्त्री महोदया श्रीमती सुशीला रोहतगी जी का हार्दिक अभिनन्दन करना मैं अपना परम पुनीत कर्तव्य मानता हूँ। आप महामना ब्रह्मर्षि पं० मदनमोहन मालवीय जी के परिवार से सम्बन्धित परम विदुषी महिला हैं। आपने इस महद् आयोजन का अपने कर-कमलों से उद्घाटन कर एक प्रकार से इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित कर दी है। आपके स्वरूप में हमें भारतीय संस्कृति के अद्वितीय संरक्षक ब्रह्मर्षि मालवीय जी के ही दर्शन हो रहे हैं। इसके लिए एक बार मैं पुनः राजर्षि टण्डन जो को हार्दिक बधाई देना चाहूँगा क्योंकि यह उन्हीं का पुरुषार्थ है कि वासन्तिक नवरात्र के इस पुण्य अवसर पर हम साक्षात् देवी-स्वरूपा श्रीमती सुशीला जी का दर्शन लाभ कर रहे हैं।

शिक्षा एवं संस्कृति राज्य-मन्त्री महोदया ने अपने सन्देश में लिखा है कि 'मेरी आशा है कि यह सम्मेलन ज्योतिष व तन्त्र-विद्या के विज्ञान-सम्मत स्वरूप को विश्व के सम्मुख प्रकाशित करने में अपना योग-दान देगा।' इस सम्बन्ध में मेरा विनम्र निवेदन है कि इसमें कोई सन्देह नहीं कि तन्त्र, मन्त्र, यन्त्र, ज्योतिष, आयुर्वेद आदि जितनी भी आर्ष विद्यायें हैं, वे पूर्णतया विज्ञान-सम्मत हैं किन्तु उनके इस स्वरूप के प्रकाशन के लिये यह आवश्यक है कि जिस प्रकार भौतिक विज्ञान के उत्कर्ष के लिये विविध प्रकार की प्रयोगशालाओं और यान्त्रिक उपकरणों आदि की सुविधाएँ भौतिक वैज्ञानिकों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं, उसी प्रकार मन्त्र-तन्त्रादि के साधकों को शासन का सहयोग मिलना चाहिये। यदि ऐसा हो तो मन्त्र-विज्ञान में वह शक्ति है कि जिन परमाणु अस्त्रों से आज विश्व की मानवता त्रस्त है, वह अपने भण्डार-स्थलों में रखे-रखे हो स्तम्भित और ध्वस्त हो जायें। दुर्भाग्य की बात यह है कि सुविधाएँ मिलने के स्थान पर भारतीय साधकों को बाधाओं का ही सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिये केन्द्रीय संस्कृत संस्थानों में प्राचीन पाण्डुलिपियाँ सुरक्षित हैं किन्तु उन तक विरले साधक ही पहुँच सकते हैं। इन संस्थानों में मन्त्र-तन्त्र जैसे विषयों पर शोध-कार्य भी सम्पन्न होते हैं किन्तु शोध-कर्ताओं के मार्ग-दर्शक ही जब मन्त्र-तन्त्र-साधना के ज्ञान से शून्य हैं, तब शोध-कार्य कैसा होगा, यह सहज ही समझा जा सकता है। अस्तु, ये सब बातें शासन के विचार की हैं।

राजर्षि अतुल टण्डन जी का मुझे निर्देश है कि मैं आपके समक्ष कौल-धर्म और वाम-मार्ग के सम्बन्ध में कुछ निवेदन करूँ। 'कौल-धर्म' वास्तव में शाक्त-धर्म का नामान्तर है। शाक्त-धर्म की साधना में सफल होकर जो साधक सर्वोच्च स्तर को प्राप्त कर लेता है, उसे 'कौल' कहते हैं। 'कौलात् पर-तरो नहि'—कौल से बढ़कर कोई नहीं। 'कौल' शब्द 'कुल' शब्द से बना है। 'कुल' का अर्थ है शक्ति और 'अकुल' का अर्थ है 'शिव'। कुल और अकुल—शक्ति और शिव का मिलन कराने की क्रिया ही कौल-साधना है। मानव शरीर के मूलाधार चक्र में विराजमान कुण्डलिनी ही शक्ति है और उसे सुषुम्णा के मार्ग से ले जाकर सहस्रार में स्थित शिव से मिलाना पड़ता है। संक्षेप में कौल-धर्म की साधना का सूक्ष्म सार यही है, जिसे बड़े-बड़े योगी भी हृदयङ्गम नहीं कर पाते—

'कौलो धर्मो परम-गहनो, योगिनामप्यगम्यः।'

किन्तु 'कौल-धर्म' का स्थूल सार अधिक बोध-गम्य और उपयोगी है। प्रायः लोग सूक्ष्म तत्त्व के पीछे पड़े रहते हैं, स्थूल तत्त्व की उपेक्षा करते हैं, फलतः उनके हाथ कुछ नहीं लगता। 'कुल' शब्द का स्थूल अर्थ है स्त्री, परिवार, कुटुम्ब। स्त्री से ही परिवार का गठन होता है। अतः कौल-धर्म में स्त्री को परम पूजनीया माना ही नहीं जाता, उसी की पूजा की जाती है। कुमारी-पूजा, सुवासिनी-पूजा, शक्ति-पूजा का विधान किसी से छिपा नहीं है। उसके साथ ही बालकों का वटुक, गणेश आदि के रूप में पूजन करने का विधान है। इस प्रकार अपने कुल के—अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य की पूजा कर सबको देवता-रूप में समझना पड़ता है और स्वयं अपने को भी प्राणायाम, विविध न्यासों, भूत-शुद्धि, तत्त्व-शुद्धि आदि द्वारा शुद्ध बनाकर देव-रूप—शिव-रूप बनाना पड़ता है। इस प्रकार 'देवो भूत्वा देवं यजेत्'—देवता बनकर देव-पूजा करने का अधिकार मिलता है। देवता की पूजा में केवल देवता का पूजन करने से काम नहीं चलता, उस देवता के भी कुल या परिवार के प्रत्येक सदस्य की पूजा करनी होती है। इन सदस्यों को 'आवरण - देवता' के नाम से साधक लोग जानते हैं।

कहने का आशय यह है कि साधक को अपने कुल या परिवार की पूजा करते हुए अपने देवता

का उसके कुल या परिवार सहित पूजन करना होता है। इस प्रकार कुल-पूजा की प्रधानता को मानने से 'कौल' नाम की सार्थकता स्पष्ट होती है।

अब बात आती है 'वाम-मार्ग' की। वाम-मार्ग के सम्बन्ध में बहुत सी भ्रान्तियाँ प्रचलित रही हैं। इसी से 'चण्डी' पत्रिका के प्रवर्तक प्रातः-स्मरणीय पण्डित देवीदत्त शुक्ल जी ने सन् १९४० के पूर्व सर्व-प्रथम 'वाम-मार्ग' नाम से एक पुस्तक ही लिख कर प्रकाशित कराई थी, जिसके अनेक संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। वाम-मार्ग की बात करनेवाले प्रायः सुनी-सुनाई बातों पर ध्यान देते हैं। वे यह जानने का प्रयास नहीं करते कि शाक्त-धर्म में मनुष्यों को तीन भावों के अन्तर्गत श्रेणी-बद्ध किया गया है। वे तीन भाव हैं—पशु-भाव, वीर-भाव और दिव्य भाव।

'पाश-बद्धो पशुः प्रोक्तः पाश-मुक्तः सदाशिवः।'

घृणा, शङ्का, भय, लज्जा, जुगुप्सा, कुल, शील और जाति—ये आठ पाश हैं। इन पाशों से जो व्यक्ति बँधे हैं, उन्हें पशु माना गया है और उनके लिये दक्षिणाचार निर्दिष्ट किया गया है। 'आचारो प्रथमः धर्मः'—आचार का पालन करना धर्म की पहली सीढ़ी है। दक्षिणाचार के नियमों का पालन करते हुये जब इतनी शक्ति साधक में आ जाती है कि वह उक्त आठ पाशों को तोड़ सके, तब उसे 'वीर-भाव' में प्रवेश करने का अधिकार मिलता है और तब उसे वामाचार का पालन करना होता है। यही वामाचार 'वाम-मार्ग' नाम से प्रसिद्ध है। इस आचार में आठ पाशों को काटने के लिये पञ्च-मकारों को साधन-रूप में स्वीकार किया गया है। इन्हीं मकारों के वैज्ञानिक रहस्य को न समझने के कारण 'वाम-मार्ग' के सम्बन्ध में लोगों में तरह-तरह के भ्रम फैले हुये हैं।

वास्तव में पाँचों मकार पञ्च-महाभूतों के प्रतिनिधि हैं, जिनसे मानव शरीर बना हुआ है। अग्नि, पृथ्वी, जल, वायु और आकाश—इन्हीं पाँचों महा-भूतों से यह सारी सृष्टि बनी हुई है। गोस्वामी तुलसीदास जी के शब्दों—छिति जल पावक गगन समीरा, पञ्च तत्त्व यहरचित सरीरा—के द्वारा प्रायः सभी भारत-वासी इस तथ्य से परिचित हैं किन्तु इन तत्वों की अनुभूति करते हुये इनकी शक्ति से अपने शरीर के शोधन करने और उसे शक्ति-सम्पन्न बनाने की वैज्ञानिक विधि एकमात्र तन्त्रोक्त साधन-पद्धति में ही उपलब्ध है, अन्यत्र कहीं नहीं।

उदाहरण के लिये प्रथम मकार 'मद्य' अग्नि-तत्व है। जैसे अग्नि का गुण जलाने का—उद्दीपन का है, वैसे ही मद्य में यह गुण है कि जिस व्यक्ति में जो गुण होता है, उसे यह उद्दीप्त कर देता है। इसी से तन्त्र में यह निर्देश है कि 'ब्राह्मणस्तु सदा पेयं क्षत्रियस्तु रणागमे' अर्थात् सतोगुण-प्रधान व्यक्तियों को सदा मद्य-पान करना चाहिये किन्तु रजोगुण-प्रधान व्यक्तियों को केवल संघर्ष-काल में इसे ग्रहण करना चाहिये। साथ ही यह भी ध्यान देने की बात है कि जिस प्रकार पञ्च-महाभूत परस्पर सम्मिलित होकर सृष्टि-रूप में आते हैं, उसी प्रकार पञ्च-मकारों का एकत्र रहना भी आवश्यक है। मद्य के उग्रांश को शान्त करने की क्षमता पृथ्वी-तत्वात्मक दूसरे मकार अर्थात् 'मांस' में है। जिस प्रकार जलती हुई अग्नि में मिट्टी डाल देने से वह मन्द होकर बुझ जाती है, उसी प्रकार मांस-खण्ड के साथ मद्य ग्रहण करने से मद्य की उग्रता हानि नहीं पहुँचाती अपितु दोनों तत्वों के संयोग से अपूर्व शक्ति की प्राप्ति होती है। इसके सिवा इन तत्वों के ग्रहण करने में मात्रा का ध्यान रखना भी परमावश्यक है। तन्त्रादेश है कि—

'यावन्न चलते दृष्टिः, यावन्न चलते मनः तावत् पानं प्रकुर्वीत।
अतः परं पशु-पानमतः, पशु-पान-रतो कौलोऽपि नरकं व्रजेत्॥

अर्थात् जब तक दृष्टि और मन में चंचलता उत्पन्न न हो, तभी तक मद्य पान करना चाहिये। इससे अधिक मात्रा में पान करना पशु-पान कहलाता है और ऐसा पान करनेवाला सिद्ध पुरुष भी पतित हो जाता है।

तीसरा मकार 'मत्स्य' जल-तत्व का प्रतिनिधित्व करता है और चौथा मकार 'मुद्रा'—अन्न-मय पदार्थ—वायु-तत्व की शक्ति देता है।

इस प्रकार ये चार मकार ग्रहण करने से साधना में सहायक होते हैं किन्तु पञ्चम मकार आकाश-तत्व का प्रतिनिधि है। जिस प्रकार आकाश या शून्य में प्रविष्ट होनेवाले का नाम-शेष हो जाता है, उसी प्रकार पञ्चम तत्त्व का सेवन करनेवाला शक्ति-हीन होकर सर्वनाश को प्राप्त होता है। इसी से तन्त्र का निर्देश है कि 'पञ्चमे पूजनं कुर्यात्' अर्थात् स्त्री का पूजन कर उसका प्रसाद ग्रहण करना चाहिये।

यह है संक्षेप में वाम-मार्ग की गोपनीय साधना का वास्तविक रहस्य। इसी साधना के द्वारा साधक घृणा आदि अष्ट-पाशों से छूटकर दिव्य-भाव में स्थित हो जाता है और उसे 'कौल' की सम्मानित उपाधि से विभूषित माना जाता है।

जैसा कि मैंने प्रारम्भ में निवेदन किया है कि कौल-धर्म का रहस्य बड़ा गम्भीर है, अच्छे-अच्छे योगी भी उसे हृदयङ्गम नहीं कर पाते। फिर मैं तो सर्वथा अज्ञ—इस पवित्र धर्म का एक सामान्य सेवक मात्र हूँ। ऐसी दशा में मैंने जो कुछ निवेदन किया है, उसमें जो कुछ सार की बात जान पड़े, उसे श्रोता-गण ग्रहण करने की कृपा करें। त्रुटियों के लिये विद्वज्जनों से क्षमा-प्रार्थी हूँ। वन्दे मातरम्॥

गुप्तावतार बाबाश्री

कृत

मुमुक्षु मार्ग

(रहस्योद्घाटन खण्ड)

'मन्त्र' का अर्थ, ॐ का अर्थ, 'राम' का अर्थ, भ० कृष्ण के मन्त्र का अर्थ, गायत्री का अर्थ, नवार्ण मन्त्र का अर्थ, मृत्युञ्जय मन्त्र और 'स्त्रीं' का अर्थ, श्री-यन्त्र की महिमा, 'त्रि-कूटों' का अर्थ, 'पादुका' की महिमा, भ० शिव के अनन्त भाव का वर्णन, कुण्डलिनी-रहस्य, योग-रहस्य, पूजा-रहस्य आदि महत्व-पूर्ण विषयों की जानकारी के लिये इस अनूठी कृति को पढ़िये। मूल्य : १५-००

हिन्दू-धर्म-कोश

लेखक—डा० राजबली पाण्डेय

अकारादि क्रम से हिन्दू-धर्म सम्बन्धी मुख्य-मुख्य ज्ञातव्य विषयों का प्रामाणिक विवरण इसमें दिया गया है। पृष्ठ-संख्या १०७०...४५-०० रु०।

दक्षिण भारत में कामाख्या योनि-पीठ

परम पूज्य श्रीस्वामी त्र्यम्बकेश्वरानन्द, विज्ञान आश्रम, इन्दौर (म० प्र०)

[आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम् नगर में **'श्रीविद्या ट्रस्ट'** नामक एक संस्था १८-७४-३८ सुपर बाजार में पिछले पाँच वर्षों से स्थापित है। इस ट्रस्ट के संस्थापक डा० एन० पी० शास्त्री के अनुरोध पर प्रस्तुत लेख के लेखक पूज्य स्वामी 'देवी-पुरम्' में जाकर ठहरे और वहाँ लगभग डेढ़ मास अपनी साधना की। हमारे आग्रह पर स्वामी जी ने यह परिचयात्मक लेख भेजने की कृपा की है। आशा है कि 'चण्डी' के पाठक बन्धु इसे पढ़कर प्रसन्न और पुलकित होंगे।––सं०]

विशाखापत्तनम् जनपद के 'देवी-पुरं' में एक अनुपम देवी-मन्दिर का निर्माण-कार्य गुरुवार २१ मार्च, १९८६ के प्रातः ३-४५ बजे से प्रारम्भ होकर चल रहा है। इस मन्दिर की आधार-शिला १६ अक्टूबर, १९८३ को विजयादशमी के पुण्य काल में प्रतिष्ठित की गई थी। प्रस्तावित मन्दिर का आकार 'मेरु' (पिरामिड) जैसा होगा और इसके शीर्ष (ऐपेक्स) पर श्रीराज-राजेश्वरी की प्रतिष्ठा की जायगी। निम्न खण्ड के सहित इस मन्दिर के कुल छः खण्ड होंगे, जिन्हें १०८ से अधिक आवरण-देवताओं की प्रतिमायें सुशोभित करेंगी। शीर्ष का छत्र होगा विस्तृत खुला हुआ आकाश! इस प्रकार के अद्भुत मन्दिर के निर्माण की आकांक्षा भारत एवं तिब्बत के अनेक महात्माओं की दीर्घ काल से रही है। इसी आकांक्षा की पूर्ति के लिए डा० एन०पी० शास्त्री ने **'श्रीविद्या ट्रस्ट'** की स्थापना की।

'देवी-पुरं'-योजना के पुरस्कर्ता डा० शास्त्री 'टाटा इंस्टीट्यूट आफ फण्डामेण्टल रिसर्च' में २५ वर्षों तक रिसर्च साइण्टिस्ट के रूप में कार्यरत रह चुके हैं। दो वर्षों तक वे जाम्बिया यूनिवर्सिटी में भौतिक विज्ञान (फिजिक्स) के प्रोफेसर भी रहे हैं। आध्यात्मिक साधना के आकर्षण में वैज्ञानिक भूमिका त्याग कर अगस्त १९८२ में उन्होंने उक्त **'श्रीविद्या ट्रस्ट'** को पजीकृत कराया। इस ट्रस्ट का पंजीकरण ह्यौस्टन (यू० एस० ए०) और टोरण्टो (कनाडा) में भी कराया गया है और वाशिंगटन, न्यूयार्क, रोशेस्टर, ऐम्हर्स्ट नगरों में इसको शाखायें हैं। विगत वर्षों में 'ट्रस्ट' द्वारा किए गए कार्यों में उल्लेखनीय हैं––

१ जाम्बिया के लुसाका में काफू के मन्दिरों में प्राण-प्रतिष्ठा, १९८० में।

२ सिंहाचलम्, विशाखापत्तनम् में त्रिपुर-सुन्दरी की प्राण-प्रतिष्ठा, १९८२ में।

३ विजाग पोर्ट-ट्रस्ट में दुर्गा की प्राण-प्रतिष्ठा, १९८२ में।

४ हाउजिंग बोर्ड कालोनी में अम्बिका को प्राण-प्रतिष्ठा, १९८२ में।

५ एम० वी० पी० कालोनी में 'सावित्री-पीठम्' की स्थापना, १९८३ में।

६ देवी-यागम् १९८३ में। इसी याग से 'देवी-पुरम्' योजना का सूत्रपात हुआ। यह याग ब्रह्मर्षि वामकोटि कृष्णयाजी के निर्देशन में सम्पन्न किया गया। १६ दिनों तक प्रतिदिन सहस्र-चण्डी हवन, कोटि कुंकुमार्चन, विविध पूजायें, अभिषेक आदि जैसे अनुष्ठान होते रहे। लगभग सवा लाख रुपये खर्च हुए।

इसी याग की अवधि में एक साधक श्री पी० वेङ्कट राव ने तीन एकड़ भूमि दान में देने का प्रस्ताव किया। यह भू-भाग विशाखापत्तनम् बन्दरगाह से लगभग ३५ किलोमीटर दूर

अनेक पहाड़ियों के मध्य स्थित है। **'श्रीविद्या ट्रस्ट'** के तत्त्वावधान में धर्म-निष्ठ साधकों की एक बस्ती मुख्य मन्दिर के चारों ओर अस्तित्व में आने लगी। मुख्य देवी-मन्दिर के सिवा वहाँ शिव और योनि-रूपा कामाख्या के भी मन्दिर हैं। कालान्तर में यह **'देवी-पुरम्'** एक अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षणिक केन्द्र का रूप ग्रहण कर लेगा, जहाँ ज्ञान-विज्ञान एवं अध्यात्म दोनों प्रकार का प्रशिक्षण जिज्ञासुओं को उनकी योग्यता एवं अधिकार के अनुरूप सुलभ होगा।

मां कामाख्या का आविर्भाव

शास्त्री जी जब कभी दान में प्राप्त उक्त भू-भाग की ओर जाते, तो वे वहाँ दो विशाल चट्टानों के मध्य विद्यमान एक त्रिकोणाकार गर्त्त के सामने बैठकर ध्यान किया करते थे। एक बार उन्हें सुनाई पड़ा कि **'मैं यहाँ हूँ'** और इसी के बाद उन्हें कई स्वप्न दिखाई दिए तथा अनेक प्रकार की अनुभूतियाँ हुईं। उन सबके आधार पर वे मां की उपस्थिति का प्रमाण खोजने लगे। फलस्वरूप उन्हें वहीं एक प्राचीन धातु-निर्मित मेरु-यन्त्र की प्राप्ति हुई। बाद में जङ्घा-समान चट्टानों के मध्य में स्थित उसी त्रिकोणाकार गर्त्त को सुडौल रूप देकर उसे **'योनि-रूपा कामाख्या पीठ'** नाम से विभूषित किया गया।

अनुभव में यह आया कि उक्त पीठ में निस्सन्तानों की इच्छा-पूर्ति करने की दिव्य शक्ति विद्यमान है और शास्त्री जी ने सन्तान-हीन दम्पतियों के लिए उपासना-पद्धति निर्धारित कर दी, जिसके फलस्वरूप दैहिक या दैविक बाधा दूर होकर उन्हें इच्छित सन्तान की प्राप्ति हो सकती है। दक्षिण के इस **'कामाख्या योनि पीठ'** के सम्बन्ध में विशेष सूचना डा० एन० पी० शास्त्री, पो० अम्मुला पालेम, द्वारा निदानम् डोड्डी, अनाका पाल्ले-५ (आंध्र प्रदेश) से मिल सकती है।

(पृष्ठ २ का शेषांश)

विश्व-मोहिनी पंचदशी विद्या अथर्वशीर्ष में वर्णित है। यह विद्या गुरु-गम्य होने के कारण गुप्त रही है। शास्त्र-परम्परा के रूप में इस विद्या को पुनर्जागृत करके श्री-लाभ के लिये प्रचारित करना अत्यन्त आवश्यक है। ऐसी विद्या के बल-बूते पर ही हमारी संस्कृति को विश्व में शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ।

कामो योनिः कमला वज्र-पाणिर्गुहा हसा मातरिश्वाभ्रमिन्द्रः। पुनर्गुहा सकला मायया च, पुरूच्यैषा विश्व-मातादि-विद्योम् एषऽऽत्म-शक्तिः। एषा विश्व-मोहिनी। पाशांकुश-धनुर्वाण-धरा। एषा श्री-महा-विद्या। य एवं वेद, स शोकं तरति।

काम (क), योनि (ए), कमला (ई), वज्र-पाणि (ल), गुहा (ह्रीं), हसा (ह-स), अभ्र (ह), इन्द्र (ल), पुनर्गुहा (ह्रीं), सकला (स-क-ल), माया (ह्रीं) अर्थात्—**कएईल-ह्रीं हसकहल-ह्रीं सकल-ह्रीं।**

मन्त्र-कोष, भाग २ में पृष्ठ १५० पर पंचदशी त्रिकूटा कामराज विद्या के रूप में यह मंत्र दिया है। वहीं पृष्ठ १४९ में 'कएईल-ह्रीं' को मूलाधार चक्र का, 'हसकहल-ह्रीं' को अनाहत का तथा 'सकल-ह्रीं' को आज्ञा-चक्र का भेदक बताया है। पृष्ठ १५४ में अविलम्ब-सिद्धि के लिए इस मंत्र को सम्पुटित करना अत्यन्त प्रभावी कहा गया है।

कामो माया रमा बाला त्रिकूटा स्त्री भगांकुशौ, काली काम-कला कूर्चः सर्वादौ प्रणवः प्रिये! श्री महा-षोडशीयं च या ख्याता भुवन-त्रये, ज्ञानेन मृत्युहा विद्या सर्वाम्नायैर्नमस्कृता।

ॐ क्लीं ह्रीं श्रीं ऐं क्लीं सौः कएईल-ह्रीं हसकहल-ह्रीं सकल-ह्रीं स्त्रीं ऐं क्रों क्रीं क्लीं हूं।

उपर्युक्त मंत्र का चण्डी-पाठ के मंत्रों के साथ सम्पुट करने से अनुभूति-सिद्धि मिल सकती है।

एक परिचय :

'विद्या-वाचस्पति' पं० श्रीकण्ठ शर्मा चक्रपाणि

डॉ० ऋषिकुमार चक्रपाणि, २७०७।२ गुरु-निकेतन, चौक, अमृतसर (पंजाब)—१४३००१

भारत-भूमि पुण्य-भूमि है, देव-भूमि है। इसके कण-कण में देवी-देवताओं का निवास है। इसी भूमि पर सृष्टि का प्रादुर्भाव हुआ। सभ्यता-संस्कृति यहीं से पृथ्वी पर फैली। हमारे पुण्य-श्लोक महर्षियों ने अपने दिव्य-ज्ञान एवं साधना द्वारा पुराण-पुरुष की वाणी को प्रत्यक्ष करके चार वेदों के रूप में लिपि-बद्ध किया।

वेद के छह अङ्गों में ज्योतिष का महत्व-पूर्ण स्थान है। इसके अनुसार 'कुरु-क्षेत्र' भूमध्य-रेखा अथवा भूगोल का केन्द्र-विन्दु है। इसी कुरु-क्षेत्र पुण्य-भूमि पर सरस्वती नदी के तट पर वेद, वेदांग, पौराणिक-साहित्य की रचना हुई। कुरु-क्षेत्र से १७ मील दूर 'पृथूदक' नाम का प्रसिद्ध तीर्थ-स्थान है। इसे आजकल 'पिहोवा' कहा जाता है। इसी स्थान पर सरस्वती नदी के पावन तट पर '**ब्रह्म-योनि**' नामक स्थान है, जहाँ श्री नारायण के नाभि-कमल से श्रीब्रह्मा जी का आविर्भाव हुआ था। मार्कण्डेय-पुराणान्तर्गत श्री दुर्गा-सप्तशती के प्रथम-चरित में वर्णित कथा के अनुसार इसी स्थान पर श्रीविष्णु-कर्ण-मलोद्भूत मधु-कैटभ राक्षस-द्वय का वध भी हुआ था। पौराणिक विवरण के अनुसार जब ब्रह्माजी ने योग-माया की स्तुति की थी, तब भगवती द्वारा भगवान् विष्णु के जागने पर मधु-कैटभ से युद्ध हुआ।

इस कथा में वर्णित स्थान का विवरण लोक-प्रसिद्ध नहीं है परन्तु इस 'पिहोवा' नाम के स्थान पर ही भगवती योग-माया का प्रथम प्राकट्य हुआ था तथा भगवती ने यहाँ अपना आवास किया था। आज भी इस स्थान पर भगवती 'श्री बाला-त्रिपुर-सुन्दरी' का मन्दिर विद्यमान है, जिसमें पिण्डिका-रूप में स्वयम्भू-विग्रह प्रत्यक्ष है। इस पिण्डिका पर प्राकृतिक रचना के रूप में भगवती के प्रतीक श्री-चक्र के अद्भुत प्रत्यक्ष दर्शन हैं। इस श्रीचक्र का रेखाङ्कन स्वयं में अद्भुत है। इस स्थान पर अनादिकाल से ही असंख्य साधकों ने साधना करके सफलता के चरम-सोपान तक यात्राएँ की हैं। यह दुःख का विषय है कि यह आद्यतम शाक्त-पीठ अभी तक विस्मृत-प्राय ही है। अस्तु।

इसी पावन शाक्त पीठ-स्थली 'पिहोवा' नाम के स्थान पर लगभग ३०० वर्ष पूर्व राजस्थान के प्रसिद्ध, श्रीचक्र के परम उपासक '**श्रीवराहाचार्य**' जी पधारे थे। कुरु-क्षेत्र की तीर्थ-यात्रा के बाद जाते हुए, वे अपने साथ एक ब्राह्मण-वटु को ले गए तथा पूरे ३० वर्ष अपने यहाँ रख कर शिक्षा-दीक्षा देकर संस्कृत का पारश्व-विद्वान् बनाकर वापिस भेज दिया। इन विद्वान् का नाम था 'श्रीगुलजारीलाल मिश्र'। इन्हें जो श्रीविद्या, गुरु-विद्या के रूप में प्राप्त हुई, वह श्रीविद्या इस वंश की थाती बन गई। कौण्डिन्य-गोत्रीय यजुर्वेद माध्यंदिन-शाखीय चक्र-पाणि-जातीय इस ब्राह्मण कुल की परम्परा में उत्तरोत्तर विद्या एवं लक्ष्मी की वृद्धि ही होती गई। इसी कुल में से एक पूर्व-पुरुष ने अमृतसर में गद्दी की स्थापना की तथा मारवाड़ी समाज में यज्ञोपवीत-परम्परा एवं आस्तिकता का प्रचलन किया।

इसी कुल में लगभग १०० वर्ष पूर्व श्रीविद्या के उपासक एक अनिर्वचनीय शाक्त-विभूति का प्राकट्य हुआ। उनका शुभ नाम '**पं० श्री हरिप्रसाद**' जी था। इन्होंने अपने जीवन में जिन दिव्य शक्ति-सम्पन्न साधनाओं की प्राप्ति की, वह कल्पनातीत है। इस भू-क्षेत्र में आज भी एक किंवदन्ती के रूप में

उनका नाम स्मरण किया जाता है। इस विभूति से अगली पीढ़ी में भगवती दुर्गा के परम उपासक एक दिव्य आत्मा का जन्म हुआ, जिनका नाम '**पं० श्री गजानन शर्मा**' था। इन्होंने शाक्त-पूजा के साथ अग्नि-पूजा को विचित्र रूप से समन्वित किया। इनके आशीर्वाद मात्र से पुत्र-रहितों को दीर्घ-जीवि पुत्र प्राप्त हुए। इस वंश में अन्न-दान आदि के साथ-साथ विद्या-दान आदि के रूप में दिव्य परम्पराएँ रहीं, जो आज भी यथा-कथंचित् जीवित हैं। सम्पूर्ण उत्तर भारत, विशेषतः पर्वतीय क्षेत्रों में असंख्य शिष्य आज भी विद्यमान हैं। विक्रमी संवत २०३० में पुण्य-श्लोक पं० श्रीगजानन जी ने भौतिक-देह का त्याग किया।

इन्हीं के यहाँ ज्येष्ठ पुत्र के रूप में मेरे पूज्य पितृश्री **पं० श्रीकण्ठ शर्माजी** का जन्म हुआ, जिन्होंने अपने जीवन में श्रीविद्या-साधना को नए आयाम दिये हैं। यदि इसे अतिशयोक्ति न समझें, तो सम्भवतया वर्तमान-काल में भारत के मूर्धन्य एवं उंगलियों पर गिने जाने लायक श्रीविद्या के उपासकों में ये भी एक हैं। इनका ही परिचय यहाँ दिया जा रहा है।

विक्रमी सं० १९७२ ज्येष्ठ शुक्ल गङ्गा-दशमी को परम शाक्त - विभूति श्रीहरिप्रसाद जी का शरीर शान्त हुआ। दशाह-शुद्धि के दिन जब गृह-शुद्धि की जा रही थी, एक विशालकाय दिगम्बर अवधूत जैसे साधु ने द्वार पर आकर दिवङ्गत आत्मा का नाम लेते हुए 'भिक्षां देहि' की अलख जगाई। शोकाकुल प्रपितामही ने उत्तर दिया—'ओ मोडे (मुंडिल), किसे पुकारता है? वह तो ज्योति-लीन हो चुके! अब कहाँ?'

उस दिगम्बर ने मेघ-गर्जना सदृश स्वर में कहा—'क्यों भूलते हो? वह आत्मा तो तुम्हारे घर में आ रही है।' इतना कहते-कहते वह दिगम्बर वहीं हवा में विलीन हो गया। इस घटना को उस समय दशाह-शुद्धि पर उपस्थित सारे समाज एवं कुल-जनों ने प्रत्यक्ष देखा था।

पिताश्री १९८७ विक्रमी सम्वत् में श्री भैरव-स्वरूप स्व० श्री हरिदत्त जी त्रिवेदी को शरण में 'न्याय-पंचवाद-स्वाध्याय' के बहाने पहुंचे। स्वाध्याय पूर्ण होने के बाद पूज्य गुरुदेव से परिचर्या-मार्ग की दीक्षा की प्रार्थना की। प्रार्थना स्वीकृत हुई तथा दीक्षा मिली। तीन वर्ष की कठोर साधना एवं तपस्या के बाद निशार्ध की तुरीय संध्यावाली अर्चना में पराम्बा के दर्शनों की पुण्य-घड़ी (क्षण) गुरु-कृपा से आ पहुँची। पूज्य पितृ श्री के शब्दों में—

'क्या अनुपम आभा थी! अवर्णनीय है! रक्ताम्बरा, मणि-गण-खचित मुकुटालंकृत भाल, धम्मिल्ल चन्द्र-कला-युक्त चतुर्भुजा, स्मित-वदना, कोटि-चन्द्र-सुशीतला, त्रि-नयना मा भैरवी मानों—बालार्क-मण्डलाभासां चतुर्बाहु-त्रिलोचनां पाशांकुश-वराभीतीर्धारयंतीं शिवां भजे—प्रत्यक्ष हो गया हो। जगदम्बा के दो हाथों पर द्राक्षा-सुधा से परि-पूर्ण दो कलशों में से उछल-उछल कर द्राक्षा-सुधा मानों बाहर गिर रही हो। स्मयमान-मुखाम्बुजा कारुण्य - कटाक्ष से संकेत कर बोल उठी—'पुत्र, सुधा ग्रहण करो, आज तुम पूर्ण हुए।' परन्तु स्व-कुलागत पितृ-परम्परा में दक्षिण-मार्गावलम्बी होने से विवशता-वश, माँ का आदेश बारम्बार परीक्षा किये जाने पर भी, नत-मस्तक होकर विवशता प्रकट करते हुए क्षमा-प्रार्थना की। मां मुस्कराई और जागृत-स्थिति में वह अपूर्व विद्युत् घनावली में विलीन हो गई तथा मैं रोमांचित हो उठा।'

अगली प्रातः नित्य की तरह ही पूज्य पिता जी जब अपने पूज्य गुरु-देव श्री त्रिवेदी जी के चरणों में पहुँचे, तो पूज्य गुरु-देव के नेत्रों से उज्ज्वल-ज्योतिःरश्मियाँ बिखरती देखीं। अचानक वे बोल उठे—'पुत्र, तू धन्य है। रात्रि के परीक्षण में पूरे उतरे हो। मां ने गुरु-परम्परा से ही परीक्षा ली थी। किन्तु हमारे भाई (अर्थात् पूज्य पितृश्री के पिता श्री गजानन जी महाराज) वामोपासना में नहीं

हैं, और तुमने उस 'कुल'-परम्परा का निर्वाह कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। बैठो, आज ही पूर्णाभिषेक सम्पन्न होगा।' चरणों में बिठाकर भ्रू-मध्य में आज्ञा-चक्र पर अंगुष्ठ, सहस्रार पर अनामिकाग्र स्थापित कर वैध-दीक्षा क्रम से पराम्बा की चिन्मयी मूर्ति आशीर्वाद देकर धरोहर बना दी।

पूज्य पितृश्री केवल साधना के क्षेत्र में ही नहीं, विद्या एवं पाण्डित्य के क्षेत्र में भी प्रमाण-पुरुष सिद्ध हुए हैं। केन्द्रीय शिक्षा-मंत्रालय की संस्तुति पर महामहिम राष्ट्रपति ने 'विद्या-वाचस्पति' उपाधि प्रदान की। समस्त उत्तर भारत विशेषतः दिल्ली तक के भाग में जब कभी भी सनातन-धर्म-सम्बद्ध विवादों पर निर्णयात्मक सम्मेलन हुए तथा होते हैं, तब पूज्य पितृश्री की संस्तुति ही अंतिम निर्णय होती है। अनन्तश्री-विभूषित ब्रह्म-लीन श्री करपात्री जी का मित्र-वत् गुरु-भाव-पूर्ण आशीर्वाद पूज्य पितृश्री को प्राप्त रहा है। घर पर रहते हुए प्रातः से मध्याह्न तक परिचर्या, कुछ देर विश्राम, अपराह्न में गृहागत शिष्यों को विद्या-दान, तत्पश्चात् गृहस्थ के कार्य, रात्रि में पुनः नैश आराधन आदि चलते रहते हैं। सत्तर वर्ष की आयु में उनकी कर्मठता एक अनुकरणीय दृश्य प्रस्तुत करती है।

पुत्र होने के नाते मेरे इस लेख को सम्भव है, कुछ अतिशयोक्ति-पूर्ण समझ लिया जाय, परन्तु जीवन में अनेक घटनाएँ आती हैं और फिर वे स्वप्न हो जाती हैं। सच्चाई यह है कि पूज्य पितृश्री के जीवन में अब केवल वन्दनीय 'गुरु+परमगुरु+परात्पर गुरु+परमेष्ठी गुरुदेव'—चारों की अनुकम्पा पराम्बा की परिचर्या के परमानन्द के रूप में ब्रह्म-सुख का परमानन्द दे रही है।

भैरव-सर्वस्व

श्री पीताम्बरा-पीठ द्वारा प्रकाशित २८० पृष्ठों का यह अनूठा ग्रन्थ यथा नाम तथैव है। भगवान् बटुक भैरव, काल-भैरव आदि विविध भैरव-स्वरूपों के सम्बन्ध में प्रायः समस्त ज्ञातव्य विषय इसमें संगृहीत हैं। सबसे बढ़कर बात यह कि इसमें १ भगवान् बटुक भैरव (पीठ-प्रतिमा), २ बटुक भैरव (अष्ट-भुजी), ३ बटुक भैरव (सात्विक), ४ बटुक भैरव (राजस), ५ बटुक भैरव (तामस), ६ काल-भैरव, ७ महाकाल भैरव, ८ श्वेत भैरव—ये आठ रंगीन चित्र दिये गये हैं, जो अभूतपूर्व हैं। आवरण-पृष्ठ पर स्वर्णाकर्षण भैरव का आकर्षक चित्र है। इनके अतिरिक्त पूजन-सम्बन्धी विविध यन्त्रों के रेखा-चित्र भी दिये हैं। निस्सन्देह इस पुस्तक से श्री भैरवोपासना में साधकों को बड़ी सहायता मिलेगी। लेखक हैं पं० राधारमण दूर्वार, शास्त्री। मूल्य २१ रु० मात्र।

धर्मशास्त्र का इतिहास (पांच भागों में)

'भारत-रत्न' म० म० डा० पाण्डुरंग वामन काणे की यह ग्रन्थमाला बड़ी लोक-प्रिय रही है। यह इसका तीसरा संस्करण है। इसके पाँच भागों के मुख्य विषय इस प्रकार हैं—

१ प्राचीन एवं मध्यकालीन भारतीय धर्म तथा लोक-विधियाँ, २ प्रायश्चित्त, ३ कर्म-विपाक, ४ अन्त्यकर्म, ५ अशौच, ६ शुद्धि, ७ श्राद्ध, ८ तीर्थ-प्रकरण, ९ व्रत, १० उत्सव, ११ काल, १२ पञ्चाङ्ग १३ शान्ति, १४ पुराण-अनुशीलन, १५ विभिन्न दार्शनिक सिद्धान्तों के प्रकाश में धर्म-शास्त्र की रचना।

पाँच भागों का कुल मूल्य २०५-०० रु०। 'चण्डी' सदस्यों के लिये १८०-०० रु०

तत्त्व-साधना

श्री बदनसिंह, रायभा, आगरा (उ० प्र०)

ब्रह्म और माया अथवा शिव और शक्ति दो तत्व नहीं हैं। 'शिव+शक्ति' अथवा चिच्छक्ति एक ही परमतत्व का नाम है। उसके दो रूप हैं—एक वह, जो हमारा तथा संसार के पदार्थों का 'आत्मा' रूप है; दूसरा वह रूप है, जो दृश्यमान् है और नाना विकारों का संग्रह है। गीता में भी कहा है कि परम तत्व से सभी पदार्थों का उद्‌गम है और वह सभी पदार्थों में व्याप्त है।

सदैव एक-रस, निर्विकार और अखण्ड रहनेवाले तथा विकारों के साक्षीभूत इस आत्मा के दर्शन करना ही मानव-जीवन का चरमोत्कर्ष है। अतः शाक्त-साधना का भी उद्देश्य उस परम पद की ही प्राप्ति है। उस परम पद की प्राप्ति हेतु उद्यम करना होता है क्योंकि यह आत्मा दुर्बल को नहीं मिलता। बल तपस्या से होता है। तपस्या का अर्थ केवल शरीर-सुख का त्याग ही नहीं अपितु किसी ऊँचे, अच्छे उद्देश्य से दृढ़ सङ्कल्प से सदा भीतर (दत्त-चित्त) तपते रहना, उसके साधन में भी दत्त-चित्त रहना है। केवल शास्त्र पढ़ते रहना या ज्ञान का केवल संग्रह करते रहना ही पर्याप्त नहीं। उसके साथ तदनुसारिणी सदिच्छा और सत्क्रिया का होना भी आवश्यक है। भगवान् श्रीराम के विषय में गोस्वामी जी ने कहा है—

पुनि हरि हेत करन तप लागे। बारि अहार मूल फल त्यागे॥

'शक्ति-साधना' तान्त्रिक साधना है। यह साधना तभी सफल होती है, जब साधक पवित्रता, नम्रता, श्रद्धा, उदारता आदि गुणों से सम्पन्न होकर किसी गुरु के निर्देशन में अभ्यास करे। 'तन्त्र' एक गुप्त विद्या है, जो पुस्तकों से नहीं, आचार्यों और गुरुओं के सत्सङ्ग से प्राप्त होती है। इस साधना में मन की दुर्बलता को समाप्त करना आवश्यक है। मन की दुर्बलता को मिटाकर उसे शिव-सङ्कल्प-मय बनाने तथा चिन्मयत्त्व प्राप्त कराने के लिए अनेक प्रकार के विधान हैं, उनमें एक महत्वपूर्ण साधना 'पञ्च-भूतों की धारणा' है। इस साधना से मन की हीनता और अल्पता समाप्त होकर मन अपने असली चिन्मय स्वरूप को प्राप्त करता है।

पृथ्वी, जल, तेज वायु और आकाश—ये पञ्च-भूत हैं। इन पंच भूतों की धारणा करते हुए 'तत्त्व-साधना' की जाती है। यथा—

१—पृथ्वी-तत्व की धारणा

देह में पैरों से लेकर घुटनों तक पृथ्वी-मण्डल है। उसका रङ्ग हरताल की भाँति पीला और आकार चतुष्कोण है। उसके अधिष्ठातृ देव ब्रह्मा हैं और बीज 'लं' है। साधक को चाहिये कि वह यह धारणा करे कि पाँचों तत्त्व, जो इन्द्रियों से बाहर दिखाई दे रहे हैं, वे सबके सब मेरे शरीर के ही अन्दर हैं। ऐसी भावना करते रहने से यह अनुभव होने लगता है कि मैं इस शरीर से बंधा नहीं हूँ अपितु मैं सम्पूर्ण पृथ्वी हूँ। मेरे शरीर की नस-नाड़ियाँ ही समस्त नदी-नद हैं और सम्पूर्ण जीव रोग अथवा आरोग्य के कोटाण हैं। इस प्रकार 'पृथ्वी-तत्त्व' की धारणा करने से शरीर निर्मल और नीरोग बन जाता है।

२—जल-तत्व की धारणा

घुटनों से लेकर गुप्तेन्द्रिय तक जल का स्थान है। जल-मण्डल कुन्द पुष्प, शङ्ख या चन्द्रमा की भाँति श्वेत वर्ण है। इसका आकार वृत्त (गोल) है और बीज अमृत-मय 'वं' है।

इसके अधिष्ठातृ देव चतुर्भुज-धारी भगवान् विष्णु हैं। जल-मण्डल के इस स्वरूप का चिन्तन करते हुए साधक प्राणों के साथ इसे हृदय में ले जाय और यथा-शक्ति पाँच घड़ी तक चिन्तन करता रहे। इस समय ऐसा अनुभव करे कि मैं 'जल-तत्व' हूँ। पृथ्वी का कण-कण मुझसे गीला हो रहा है। अमृत और विष दोनों मेरे ही स्वरूप हैं। पुष्पों की कोमलता और चट्टानों की दृढ़ता मेरे ही कारण है। पृथ्वी मेरा परिणाम है, मैं ही पृथ्वी के रूप में प्रकट हुआ हूँ। मुझमें ही नारायण का वास है। इस प्रकार जल-तत्व की धारणा करने से अन्तःकरण के विकार दूर हो जाते हैं। तीनों प्रकार के ताप मिट जाते हैं।

३--अग्नि-तत्व की धारणा

गुप्त इन्द्रिय से लेकर हृदय तक अग्नि-मण्डल है, यह त्रिकोण आकार का है, वर्ण रक्त है, बीज 'रं' है और मुख्य केन्द्र नाभि है। इसके अधिष्ठातृ देव रुद्र हैं। इस स्वरूप का चिन्तन करता हुआ साधक अपने प्राणों को स्थिर करे और यह धारणा करे कि मैं अग्नि हूँ। सम्पूर्ण पदार्थों का रंग-रूप जो आँखों का विषय है, वह मैं हूँ। जो भी कान्ति, सुन्दरता और आकर्षण है, वह सब मेरे ही कारण है। सूर्य, चन्द्रमा और विद्युत् आदि के रूप में मैं ही प्रकाशित होता और चमकता हूँ। सबके चक्षुओं में प्रकट होकर मैं ही देखता हूँ। सम्पूर्ण देवताओं का शरीर मेरे द्वारा ही बना है। पाँच घड़ी तक ऐसी धारणा करने से 'अग्नि-तत्व' सिद्ध होता है। तब अग्नि का भय नहीं रहता। जलती हुई आग में कूद पड़ने पर भी साधक दग्ध नहीं होता।

४--वायु-तत्व की धारणा

हृदय से लेकर भ्रू-मध्य तक वायु-मण्डल की स्थिति है। इसका वर्ण काला है। यह षट्कोणाकार तत्व शक्ति-रूप है। इसका बीज 'यं' है। इसके अधिष्ठातृ देव ईश्वर हैं। प्राणों को स्थिर कर हृदय में वायु-तत्व की भावना पाँच घड़ी तक करे और यह अनुभव करे कि मैं वायु हूँ। अग्नि मेरा ही विकास है। अनन्त आकाश में जो भी ग्रह-नक्षत्र हैं, उन सबको मैंने ही धारण कर रखा है। हर वस्तु में जो आकर्षण-विकर्षण शक्ति है, वह मैं ही हूँ। सबकी गतियाँ मेरी कलाएँ हैं। श्वास-प्रश्वास बनकर मैं ही सबको जीवन देता हूँ। मेरी गति अबाध है। इस प्रकार धारणा करने से साधक आकाश में विचरण करने लगता है। वायु-रहित स्थान में भी वह जीवित रह सकता है। वह न जल से गलता है, न आग से जलता है और न वायु से सूखता है। बुढ़ापे और मृत्यु दोनों को वह जीत लेता है।

५--आकाश-तत्व की धारणा

भ्रू-मध्य से मूर्द्धा तक आकाश-मण्डल है। सागर के जल की भाँति इसका वर्ण नील, आकार वृत्त (गोल), बीज 'हं' और अधिष्ठातृ-देव सदाशिव हैं, जिनके मस्तक पर अर्द्ध-चन्द्र सुशोभित है। इनके पाँच मुख, दश भुजा और त्रिनेत्र हैं। प्राणों को स्थिर कर साधक पाँच घड़ी तक यह अनुभव करे कि मैं आकाश हूँ। देश-काल सब कुछ मेरे अन्दर है। मैं एक-रस हूँ, न मेरे बाहर कुछ है और न भीतर। मैं तन्मात्र हूँ। इस तत्व की सिद्धि से साधक आवागमन से रहित होकर मोक्ष प्राप्त करता है।

धारणा का क्रम

पहले 'पृथ्वी-मण्डल' का चिन्तन कर उसे 'जल मण्डल' में विलीन कर दे। फिर 'जल-मण्डल' को 'अग्नि-मण्डल' में और 'अग्नि' को 'वायु' में तथा 'वायु' को 'आकाश-मण्डल' में विलीन कर दे। पञ्च-भूतों की धारणा अर्थात् क्रमशः कार्य को कारण में विलीन करना। नित्य नियम से सभी तत्त्वों को परम

कारण सदा-शिव में स्थापित कर सदा-शिव को आत्म-रूप समझ कर उसमें लीन हो जाए। प्रत्येक तत्त्व की धारणा का अभ्यास पाँच घड़ी अर्थात् दो घण्टे तक होना आवश्यक है।

प्रत्येक मण्डल का चिन्तन करते हुए प्रणव (ॐ) के द्वारा तीन-तीन प्राणायाम कर हर कार्य-मण्डल का मानस हवन कारण-मण्डल में निम्न मन्त्र से करे—

ॐ अमुक मण्डलं अमुक-मण्डले जुहोमि स्वाहा।

एक तत्त्व के सिद्ध हो जाने पर फिर उसकी धारणा करने की आवश्यकता नहीं, उसे तुरन्त अगले तत्त्व में लय कर देना चाहिए और अन्त में सदा-शिव-तत्त्व में लीन होकर स्थिर हो जाना चाहिए।

एक तत्त्व को दूसरे तत्त्व में विलीन करते समय निम्नाङ्कित मन्त्र पढ़ने चाहिए—

(१) पृथ्वी-तत्त्व को जल-तत्त्व में विलीन करने का मन्त्र—

ॐ ह्लां ब्रह्मणे पृथिव्यधिपतये निवृत्ति-कलात्मने हुँ फट् स्वाहा

(२) जल-तत्त्व को अग्नि-तत्त्व में विलीन करने का मन्त्र—

ॐ ह्लीं विष्णवे जलाधिपतये प्रतिष्ठा-कलात्मने हुँ फट् स्वाहा

(३) अग्नि-तत्त्व को वायु-तत्त्व में विलीन करने का मन्त्र—

ॐ ह्लूं रुद्राय तेजाधिपतये शान्ति-कलात्मने हुँ फट् स्वाहा

(४) वायु-तत्त्व को आकाश-तत्त्व में विलीन करने का मन्त्र—

ॐ ह्लैं ईशानाय वाय्वधिपतये विद्या-कलात्मने हुँ फट् स्वाहा

(५) आकाश-तत्त्व को कुण्डलिनी द्वारा अहङ्कार में विलीन करने का मन्त्र—

ॐ ह्लौं सदा-शिवाय आकाशाधिपतये शान्त्यतीत-कलात्मने हुँ फट् स्वाहा।

तदनन्तर अहङ्कार को महत्-तत्त्व में; महत्-तत्त्व को शब्द-रूप प्रकृति में; प्रकृति को स्वयं-प्रकाश, परम कारण, आनन्द-स्वरूप, ज्योति-स्वरूप पर-ब्रह्म में विलीन कर देना चाहिये। यही पञ्च-तत्त्व-सिद्धि का परम लक्ष्य है। साधक को मध्य में मिलनेवाली अनेक प्रकार की सिद्धियों की उपेक्षा करते रहना चाहिये अन्यथा परम लक्ष्य तक पहुँचना प्रायः असम्भव ही रहता है।



वर्ष-गाँठ कब और कैसे मनायें ?

पं० सतीशकुमार उपाध्याय, एम० ए०, ग्राम बँधवा, मेजा रोड़, इलाहाबाद

'**वर्ष-गाँठ**' का सामान्य भाषा में प्रयोग जन्म-तिथि और जन्म-दिन के रूप में होता है, परन्तु ये प्रचलित समानार्थी शब्द भिन्न अर्थों में प्रयुक्त होते हैं। ज्योतिष के यात्रा-प्रकरण में जन्म-दिन तथा जन्म-तिथि को यात्रा वर्जित है। अतः प्रचलित जन्म-तिथि तथा जन्म-दिन का प्रयोग 'वर्ष-गाँठ' के लिए ही किया गया है। जन्म-दिन, जन्म-तिथि तथा जन्म-नक्षत्र में पूजन का अलग महत्व है। जैसा कि हिन्दू-धर्म में विशिष्ट तिथि की महत्ता एवं उस तिथि को होनेवाली पूजा से स्पष्ट है। उदाहरण के लिए 'कृष्ण-जन्माष्टमी' के दिन, जो भाद्र कृष्ण अष्टमी को पड़ती है, पूजन के तीन आधार हैं—

१ रोहिणी नक्षत्र के पड़ने पर, २ सूर्योदय के समय अष्टमी होने पर, ३ अर्ध-रात्रि को अष्टमी तिथि होने पर कृष्ण-जन्माष्टमी मनाना।

इनमें प्रथम का आधार नक्षत्र है, द्वितीय का आधार उदया तिथि है तथा तृतीय का आधार तिथि का भोग-काल है। इससे स्पष्ट है कि तिथि-पूजन विभिन्न साम्प्रदायिक मतों पर निर्भर है।

अब आइये, विचार करें कि '**वर्ष-गाँठ**' का क्या तात्पर्य है। 'वर्ष-गाँठ' का अर्थ एक वर्ष पूर्ण होकर नूतन वर्ष के प्रारम्भ होने से है। अतः 'वर्ष-गाँठ' उस दिन मनायी जानी चाहिए, जिस दिन जातक का एक वर्ष पूर्ण होकर नवीन वर्ष प्रारम्भ हो। वर्ष—पृथ्वी द्वारा सूर्य के चारों ओर एक परिक्रमा पूरी करने में लगा हुआ समय है। सूर्य-सिद्धान्त के अनुसार यह समय ३६५ दिन १५ घटी २१ पल तथा ३० विपल है, परन्तु आधुनिक ग्रह-गति अध्ययन के अनुसार यह समय ३६५ दिन १५ घटी २२ पल तथा ५७ विपल आता है। तात्पर्य यह कि जन्म-समय जिस राशि, अंश, कला तथा विकला पर सूर्य अधिष्ठित था, उसी राशि, अंश, कला तथा विकला पर सूर्य के आने पर नूतन वर्ष का प्रारम्भ होगा। ज्योतिष में 'वर्ष-कुण्डली' बनाने का आधार सौर वर्ष है, न कि सायन एवं चन्द्र वर्ष, जो क्रमशः ३६० एवं ३५४ दिन के बराबर होते हैं। हिन्दुओं में शुभ कार्य करने का आधार प्रथमतः सूर्य को बनाया है।

परन्तु समाज में '**वर्ष-गाँठ**' मनाने की दो पद्धतियाँ प्रचलित हैं—१ अंग्रेजी जन्म-तिथि के आधार पर, २ चन्द्र-मास की जन्म-तिथि के आधार पर।

अंग्रेजी जन्म-तिथि के आधार पर 'वर्ष-गाँठ' मनाने पर, २९ फरवरी को जन्मे बालक की 'वर्ष-गाँठ' कब मनायी जाय, समस्या उत्पन्न हो जाती है, क्योंकि २९ फरवरी चार की संख्या से विभाज्य वर्षों में हर चौथे साल पड़ती है। सौर वर्ष के कारण ही अंग्रेजी वर्ष ३६५ दिन तथा ३६६ दिन का होता है। यह विधि शुद्धता के कुछ निकट अवश्य है।

इसी प्रकार चन्द्र-मास की तिथि के आधार पर 'वर्ष-गाँठ' मनाने पर वर्ष वास्तविक वर्ष पूर्ण होने के ११ दिन पूर्व ही पड़ जायेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी जातक का जन्म चन्द्र-मास की तिथि के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत् २०४१ (२-४-८४ ई०) में हुआ, तो उसकी 'वर्ष-गाँठ' चन्द्र-मासानुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत् २०४२ (२२-३-८५) को ११ दिन पूर्व ही मनानी पड़ेगी। इस विधि से दूसरी कठिनाई तब पड़ती है, जब किसी जातक का जन्म अधिक मास में हो जाता है। उदाहरण के लिए यदि किसी जातक का जन्म अधिक श्रावण शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत् २०४२ (३०-७-८५) को

हुआ। इस जातक की 'वर्ष-गाँठ' उसी वर्ष पड़ेगी, जिस वर्ष अधिक मास श्रावण मास में पड़े, जबकि यह आवश्यक नहीं है कि अधिक मास श्रावण में पड़े। अतः अधिक मास या क्षय मास में जन्म लेनेवाले जातकों की 'वर्ष-गाँठ' खटाई में पड़ गयी।

इस विवेचन से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि उपर्युक्त दोनों पद्धतियाँ 'वर्ष-गाँठ' मनाने के लिए सर्वथा शुद्ध नहीं हैं। 'वर्ष-गाँठ' मनाने के लिए पंचांग में दी गयी सौर मास की तिथियों को मानना चाहिए। जिस दिन सौर मास को वह तिथि पड़े, 'वर्ष-गाँठ' मनायी जाय। सौर मास की तिथियाँ सूर्य-संक्रान्तियों से प्रारम्भ होती हैं। उदाहरण के लिए ३० जुलाई ८५ को सौर मास की तिथि १४ थी तथा सूर्य कर्क राशि का था। अधिक शुद्धता के लिए ('वर्ष-गाँठ' के दिन एवं समय हेतु) जन्म-कालिक सूर्य स्पष्ट को आधार बनाना चाहिए। उदाहरण के लिए ३० जुलाई ८५ को हृषीकेश पंचांगानुसार प्रातः-सूर्य स्पष्ट ३-१२-४२-१४ है। अतः इस दिन प्रातः जन्मे बालक का नूतन वर्ष अगले वर्ष उस दिन और उस समय से प्रारम्भ होगा, जिस दिन और जिस समय ३-१२-४२-१४ सूर्य स्पष्ट होगा। और इसी दिन और इसी समय 'वर्ष-गाँठ' मनायी जायेगी। किसी दैवज्ञ से इसे आसानी से जान सकते हैं।

यदि आप जन्म-दिन को अधिक महत्त्व देते हैं, तो दिन का पूजन हर सप्ताह कर सकते हैं। तथा चन्द्र-मास की जन्म-तिथि का पूजन हर मास में कर सकते हैं। तिथि सूर्य एवं चन्द्रमा के बीच के कोणीय मान को कहते हैं। एक तिथि का भोग लगभग १२ अंश के बराबर होता है। जन्म-तिथि के समय कोणीय मान सूर्य एवं चन्द्रमा का वही हो सकता है परन्तु अन्तरिक्ष में उनकी स्थिति वह नहीं होगी, जो जन्म के समय थी। ग्रहों के कोणीय सम्बन्ध का जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव है। तिथि-पूजन 'हिन्दी प्राण तोषिणी तन्त्र, भाग १' व 'तंत्रसार' में देख सकते हैं। परन्तु 'वर्ष-गाँठ' का पूजन नूतन वर्ष के समय ही सम्भव है।

अब आइये, यह विचार किया जाय कि 'वर्ष-गाँठ' किस प्रकार मनायी जाय क्योंकि 'वर्ष-गाँठ' परम्परा-रूप में ब्राह्मण-भोजन तथा सत्यनारायण व्रत-कथा तक ही सीमित है। 'वर्ष-गाँठ' के पूजन में दीर्घ आयु की कामना निहित है। 'वर्ष-गाँठ' के पूजन में दो प्रकार के पूजन निहित हैं—

१ सामान्य पूजन—जो सबके लिए आवश्यक है।

२ विशिष्ट पूजन—यह वर्ष-कुण्डली के आधार पर प्रतिकूल ग्रहों की शान्ति के लिए होता है।

'वर्ष-गाँठ' के सामान्य पूजन का विस्तृत विधान 'कौल - कल्पतरु' पं० देवीदत्त शुक्ल द्वारा लिखित 'हिन्दुओं की पोथी' में वर्णित है। फिर भी संक्षेप में क्रम-संकेत करना आवश्यक समझता हूं। इस पूजन में नित्य-कर्म करने के पश्चात् 'वर्ष-गाँठ'-कर्म-सम्बन्धी संकल्प करे। तत्पश्चात् स्वस्ति-पाठ-पूर्वक कलश-स्थापन कर क्रमशः गणेश, वरुण, नव-ग्रह एवं षोडश - मातृका का पूजन करे। फिर क्रमशः मार्कण्डेय, व्यास, परशुराम, अश्वत्थामा, कृपाचार्य, बलि, प्रह्लाद, हनुमान और विभीषण—इन दीर्घजीवी महापुरुषों का ध्यान एवं उनके मन्त्रों द्वारा यथा-शक्ति षोडशोपचार पूजन करें। फिर—**'ॐ षां षष्ठ्यै नमः'**—इस मंत्र से दधि और अक्षत से षष्ठी देवी की पूजा कर नमस्कार करें।

तत्-पश्चात् नीचे लिखा मंत्र पढ़कर तिल-गुड़-मिश्रित दुग्ध का पान करे—

स-तिलं गुड-संमिश्रमञ्जलयर्ध-मितं पयः। मार्कण्डेयाद् वरं लब्ध्वा पिबाम्यायुर्विवृद्धये॥

तब फिर क्रमशः अभिषेक एवं तिलक के मन्त्र पढ़कर अभिषेक करें एवं तिलक लगावें।

विशिष्ट पूजन में यदि वर्ष-कुण्डली नहीं बनायी है, तो 'महा-मृत्युञ्जय मन्त्र' का जप अथवा 'दुर्गा-सप्तशती' का पाठ करें। अन्यथा दैवज्ञ के निर्देशानुसार ग्रहों एवं मुन्था की शान्ति करें या करावें।

'कौल-कल्पतरु' चण्डी

(वर्ष ४५ : पहला विशेषाङ्क)

चैत्र २०४३ : अप्रेल १९८६

दो शब्द

मार्कण्डेय-पुराणान्तर्गत 'दुर्गा-सप्तशती' अत्यन्त महत्वपूर्ण और अद्भुत है। इसकी समानता और कोई ग्रन्थ नहीं कर सकता। स्वयं भगवान् शङ्कर ने 'दुर्गा-सप्तशती' के सम्बन्ध में कहा है--

सप्तशत्याश्च सकलं तत्त्वं वेद्म्यहमेव हि ।
पादोनं श्रीहरिर्वेत्ति वेत्त्यर्द्धं तु प्रजा-पतिः ।
व्यासस्तुर्य्यांशकं वेत्ति कोट्यंशमितरे जनाः ॥

'सप्तशती का तत्त्व पूर्णतया केवल मैं ही जानता हूँ। भगवान् विष्णु तीन ही चरण जानते हैं, ब्रह्माजी केवल दो अर्थात् आधा, व्यासजी केवल एक अर्थात् चौथाई और अन्य लोग करोड़वाँ भाग मात्र जानते हैं।'

'बीज-मन्त्रात्मक सप्तशती' साधकों के बीच अपना विशेष महत्व रखती है किन्तु अभी तक इसका कोई शोध-पूर्ण प्रामाणिक संस्करण कहीं से प्रकाशित नहीं हुआ था। इस ग्रन्थ के द्वारा इस दुर्लभ पद्धति को बोध-गम्य रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इसकी उपयोगिता इसके देखने मात्र से पाठकों को स्पष्ट हो जायेगी। इसमें मार्कण्डेय पुराण के अन्तर्गत वर्णित त्रयोदश अध्याय-युक्त सप्तशती (देवी-माहात्म्य) के समस्त ७०० मन्त्र बीज-रूप में हैं। इसका अनुष्ठान करना अत्यन्त सरल व सहज है। आचार्य से लेकर साधारण व्यक्ति भी इसका पाठ करके मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। यद्यपि प्राप्त हस्त-लिखित प्रतियों में बीज-मन्त्रों का पाठ-भेद मिलता है पर इस ग्रन्थ की पाण्डुलिपि को उन सभी का तुलनात्मक अध्ययन-अनुसंधान करके सम्पादित किया गया है, जिससे बीज-मन्त्रात्मक सप्तशती का सर्व-सम्मत शुद्ध स्वरूप शाक्त-जनों को सुलभ हो सके।

सार्थ

विशुद्ध चण्डी

(श्री दुर्गा सप्तशती)

'विशुद्ध चण्डी' के रूप में जब 'सप्तशती' के छः अङ्गों का शोधपूर्ण संशोधित संस्करण प्रकाशित हुआ, तब इस बात की माँग उठी कि 'विशुद्ध चण्डी' की हिन्दी टीका और व्याख्या भी प्रकाशित होनी चाहिये। श्री जगदम्बा के अनुग्रह से पूज्य शुक्लजी की पुण्य स्मृति में उक्त कार्य अब पूर्ण हुआ है और प्रस्तुत 'सार्थ चण्डी' के रूप में समर्पित है।

प्रस्तुत 'सार्थ चण्डी' में मूल सप्तशती के साथ-साथ उसके छः अङ्गों की भी टीका व व्याख्या प्रकाशित की गई है, जैसी कि 'विशुद्ध चण्डी' के प्रेमी पाठकों की मांग रही है। साथ ही भक्तों की मांग के अनुसार 'कुञ्जिका स्तोत्र' भी दे दिया गया है। आशा है कि इस प्रकाशन से 'सप्तशती' के भक्तों को इसके ऐतिहासिक स्वरूप की तथ्यात्मक प्रतीति होकर विशेष आनन्द की प्राप्ति होगी और इसी में हमारे परिश्रम की सार्थकता है।

सजिल्द मूल्य ५०-०० रु०। 'चण्डी' सदस्यों के लिये मूल्य ३५-०० रु०।

